संक्षिप्त

पुलिस ने फ्लैग मार्च किया

फुलेरा । स्थानीय थाना क्षेत्र में आगामी त्यौहारों और मेला महोत्सव को लेकर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था कायम कायम रखने के लिए बुधवार को प्रातः 9 बजे रेपिड एक्शन फोर्स (आर.ए.एफ.) केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की ए/83 बटालियन के एक प्लाटून ने फुलेरा पुलिस के साथ मिलकर फ्लैग मार्च किया। गौरतलब है कि उक्त फ्लैग मार्च जयपुर में तैनात रेपिड एक्शन फोर्स (आर.ए.एफ.) केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 83 बटालियन के कमाण्डेंट कुलदीप कुमार जैन के निर्देशन एवं सहायक कमाण्डेंट अक्षय कुमार के नेतृत्व में ए/83 बटालियन का एक प्लाटून 2 सितम्बर से 8 सितम्बर तक जयपुर जिले के लगभग सभी पुलिस थानों का परिचितिकरण अभ्यास करेगी। इसके चलते बुधवार को फुलेरा थाना क्षेत्र में भी थानाधिकारी बाबूलाल मीणा के साथ पुलिस बल एवं रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों द्वारा हाथों में हथियार लेकर फ्लैग मार्च किया गया।

चिकित्सा मंत्री को लिखा पत्र

शाहपुरा । शाहपुरा से कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने प्रदेश में बरसात के मौसम में बढ़ रही मौसमी बीमारियों को लेकर चिकित्सा मंत्री को कराया अवगत। विधायक यादव ने कहा कि प्रदेश में वर्षा का मौसम चल रहा है। वर्षा के मौसम में कई तरह की बीमारियां बढ़ जाती है जिनमें सर्दी, जुकाम, उल्टी-दस्त, पेट दर्द स्कीन व बुखार सामान्य है, परन्तु मानसून में कीचड़ और गड्ढों में वर्षा भर जानें से सामान्य व डेंगू के मच्छर बढ़ जाते है, जिसके कारण डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया की सहजातीय बीमारियों के मरीज बढ़ते जा रहे है साथ ही स्कब टाइफस के मरीज भी बढ रहे है। विधायक ने कहां कि मेरे विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा के भी 6 मरीजों में डेंगू व 6 मरीजों में स्कब टाइफस के लक्षण पाये गये है।

कारागृह का निरीक्षण किया

टोंक। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया ने जिला कारागृह का बुधवार को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण के दौरान बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं व बंदियों से उनके मुकदमों की स्थिति एवं अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अधिवक्ता न कर पाने की स्थिति में निःशुल्क विधिक सहायता के तहत प्राधिकरण द्वारा अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के संबंध में जानकारी प्रदान की। निरीक्षण के दौरान जमानत होने के बावजूद कारागृह में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों को जमानत शर्तों के मुताबिक जमानत मुचलके पेश करने एवं आवश्यक विधिक सहायता प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

बैठक 9 को

टोंक। राजस्थान मुद्रांक नियम 2004 के नियम 2 के उपनियम 1 वी के तहत अचल सम्पत्ति जमीन, जायदादों की बाजार दर तय करने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। टोंक जिले के उप पंजीयकों के क्षेत्र से संबंधित अचल सम्पत्ति की दरें तय करने के लिए सोमवार, 9 सितंबर को सुबह 11 बजे जिला पंजीयक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

गणेश ध्वजा रैली निकाली

राजगढ़ । कस्बे के गणेश पोल स्थित रिद्धि सिद्धि विनायक गणेश जी महाराज ट्रस्ट की ओर से गणेश महोत्सव एवं मेल को लेकर बुधवार को गणेश ध्वजा रैली निकाली। इससे पूर्व विधि विधान के साथ ध्वज की पूजा अर्चना की गई। महंत त्रिलोक शर्मा एवं अन्य ने पूजा अर्चना कराई। ध्वजा रैली में जेडी स्कूल, सुबोध पब्लिक स्कूल, एवं अन्य, स्कूलों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हाथों में ध्वज लेकर गणपति बप्पा मोरया एवं जय गणपति के उद्घोष से समूचा माहौल गणेशमय कर दिया।

पदयात्राओं का महासंगम हुआ

दौसा। दौसा में देवधाम जोधपुरिया की पदयात्राओं का बुधवार को भव्य संगम हुआ। जिले के सैकडों गांवों और कस्बों से आई पदयात्राएं दौसा के देवनारायण मंदिर में एकत्रित हुईं। इस मौके पर गुर्जर समाज ने पदयात्रियों का स्वागत बडे धूमधाम से किया। सुबह से ही पदयात्री मंदिर परिसर में आकर एकत्रित होने लगे। डीजे की धुन पर नाचते गाते पुरुष और महिलाएं भरपूर उत्साह के साथ मौजूद थे।

भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर पूर्व विधायक ने पदाधिकारियों की बैठक ली

किशनगढ बास। सदस्यता अभियान 2024 को लेकर आज पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने किशनगढ बास में भाजपा पदाधिकारी की बैठक ली। पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने बताया कि 2 सितंबर से भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसके चलते 3 सितंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने और अलवर लोकसभा सांसद केंद्रीय मंत्री भारत सरकार भूपेंद्र यादव ने 3 सितंबर को सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया।

यादव ने बताया कि इसी कड़ी में आज 4 सितंबर को पूर्व कैबिनेट मंत्री और सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अरुण चतुर्वेदी द्वारा अलवर में सदस्यता अभियान का आरंभ किया गया है।अभियान के अंतर्गत सभी मंडल अध्यक्षों महामंत्रियों सदस्यता अभियान संयोजकों जिला पदाधिकारी सभापति उपसभापति चेयरमैन वाइस चेयरमैन को निर्देश दिया कि प्रत्येक बूथ पर टीम बनाकर 200 सदस्य बनाएं जाएं।

जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाड़ा ने सभी को सदस्य बनाने के लिए दो दिन में बूथ वाइज संयोजक सह संयोजक की सूची बनाने के लिए कहा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाडा किशनगढ बास चेयरमैन सतीश सिंघल कोटकासिम चैयरमैन ओमप्रकाश सैनी मंडल अध्यक्ष किशनगढ बास उमेशकांत वशिष्ठ, खैरथल मंडल अध्यक्ष प्रमिल जसोरिया, कोटकासिम मंडल अध्यक्ष रामनिवास यादव,हरसोली अध्यक्ष पूरन झाबुला,जिला मंत्री ओमेश चौधरी मोठुका पूर्व अध्यक्ष छोटेलाल यादव महामंत्री मनोज मित्तल,मिडिया संयोजक एवम महामंत्री मनीष शर्मा, प्रकाश यादव, यशपाल शर्मा, कृष्ण यादव जय सिंह सरदार रामहेर चौधरी सुरेंद्र जांगिड़ नरेश ठेकेदार सदस्यता संयोजक जेपी यादव तेजसिंह सैनी कप्तान सिंह रोशन यादव सरपंच मौजूद रहे।

पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने किशनगढ़ बास में भाजपा पदाधिकारियों की बैठक ली।

- 2 सितंबर से भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया

मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल

पावटा। विराटनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों ही पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। वही दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। मारपीट की घटना 2 सितबर सोमवार रात्रि की है और पुलिस ने मामला दर्ज किया है। घायलो को मैड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती करवाया गया। जहाँ हालत गंभीर होने पर घायलो को अन्यत्र रेफर किया गया है। वही विराटनगर थाना पुलिस ने मामले मे छ~लोगों को गिरतार किया है। विराटनगर थाना पुलिस ने बताया कि छोटूराम पुत्र रामपाल गुर्जर निवासी पायला की ढाणी तालवा ने मारपीट व लाख लूट का मामला दर्ज करवाया है। वही लीलाराम पुत्र छितरमल निवासी पायला की ढाणी तालवा ने जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौच व मारपीट का मामला दर्ज करवाया।

गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

कोटपूतली। भारत विकास परिषद् शाखा कोटपूतली द्वारा बुधवार को ग्राम नारेहड़ा स्थित विवेकानन्द सीनियर सैकण्डरी स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम परिषद के उपाध्यक्ष अशोक सुरेलिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर भारत माता के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर वन्दे् मातरम् गायन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। संस्था प्रधान रतन लाल सैनी ने परिषद् के आगंतुक सदस्यों का दुपट्टा पहनाकर एवं भेंट प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम में नारेहड़ा सहित आसपास के सरकारी व निजी विद्यालयों के कक्षा 10 व 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को तथा प्रत्येक विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ अध्यापक को तिलक लगाकर, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह व धार्मिक पुस्तक गीता देकर तथा दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। परिषद् सचिव अरविंद शरण बंसल ने परिषद् का परिचय कराया तथा पाँच उद्श्यों सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण पर प्रकाश डाला। परिषद् के जिला पदाधिकारी पूर्व प्राचार्य वासुदेव गुप्ता ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम की आवश्यकता एवं महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम होते रहने से एक अध्यापक का मान सम्मान बना रहता है। उपाध्यक्ष अशोक सुरेलिया ने छात्र-छात्राओं को और अच्छा परिणाम देकर क्षेत्र, विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन करते हुए अपना भविष्य उज्जवल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि जैसे दीपक स्वयं जलकर अंधेरा दूर करता है वैसे ही अपने आचरण से अध्यापक भी भारत के भविष्य का निर्माण करता है। अन्त में राष्ट्रगान गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान डॉ. वासुदेव गुप्ता, अरविन्द शरण बंसल, अनिल गुप्ता सहित छात्र-छात्रायें, अध्यापक गण आदि मौजूद रहे।

कोटपूतली अध्यापकों का सम्मान किया।

- सरकारी व निजी विद्यालयों के कक्षा 10 व 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

राष्ट्रीय लोक अदालत 28 को

राजगढ़। कस्बा राजगढ़ में 28 सितंबर को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता एवं क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश पंकज बंसल की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई।

इस बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से विचार विमर्श हुआ।तालुका विधिक सेवा समिति सचिव ने बताया कि राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में 28 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होग़ा। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण को लेकर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश पंकज बंसल ने बैठक ली। इस बैठक में उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान, रेणी उपखंड अधिकारी नवनीतकुमार, पुलिस उप अधीक्षक मनीषा मीणा, तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा, रेणी तहसीलदार कैलाश चंद मेहरा एवं टहला तहसीलदार दुष्यंत कुमार शर्मा एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सफाई व्यवस्था के नाम पर करोड़ों खर्च के बाद भी कोटपूतली में हाल बेहाल

कोटपूतली। स्थानीय नगर परिषद प्रशासन की अनदेखी व लापरवाही के चलते शहर में सफाई व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है। इन दिनों शहर के अधिकांश वार्डों में सफाई के हालात बद से बदतर हो चले है। जगह-जगह कचरे के ढेर लग रहे हैं।

मुख्य चौराहे से लेकर मुख्य मार्गों, गलियों एवं आम रास्तों पर चारों ओर गंदगी और कचरे के ढ़ेर दिखाई देते है। बारिश के चलते कचरा गीला होने व इससे उठने वाली दुर्गन्ध से लोगों को परेशानी हो रही है। हालात यह हैं कि कचरे से बजबजाती नालियां व खचरों के ढेरों मे मुंह मारते पशु स्थानीय नगर परिषद् के जिम्मेदार अधिकारियों की नाकामी को दर्शा रहे है। ऐसा लगता है मानों यहां सफाई व्यवस्था के नाम पर प्रतिवर्ष करोड़ों खर्च के बाद भी हाल बेहाल है। शहर में गंदगी का आलम इतना हो चुका है कि संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। इतना ही नहीं यहां सफाई व्यवस्था के नाम पर प्रतिवर्ष करोड़ों रूपये उठाने वाले ठेकेदार ने हालात यहां तक कर दिये हैं कि पार्षद सफाई व्यवस्था दुरूस्त करवाने के लिए लगातार गुहार लगा रहे है। किन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही। बुधवार को भी एक दर्जन वार्ड पार्षदों ने शहर की समस्याओं से अवगत कराने नगर परिषद आयुक्त कार्यालय पहुंचे। जहां पार्षदों ने आयुक्त धर्मपाल जाट से मुलाकात कर उन्हें शहर की बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था के बारे में बताया। पार्षदों ने बताया कि शहर के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, चारों तरफ सडकें टूटी पड़ी है, सडक में गहरे गड्ढों में पानी भरा हुआ है एवं नालियाँ गंदगी से भरी पड़ी है। जगह-जगह लगे कचरे के ढ़ेर से आम नागरिक परेशान है। इस बारे में जब सफाई ठेकेदारों से बात करते है तो सफाई ठेकेदार पार्षदों की नहीं सुनते, वहीं परिषद के जिम्मेदार सफाई इंस्पक्टर को समस्या से अवगत कराने पर जल्दी व्यवस्था सुधाने की बात कहते है परन्तु कोई कार्यवाही आगे नहीं बढ़ती है और समस्या जस की तस रहती है। इन दिनो वार्डों में घर घर कचरा संग्रहण करने वाले टिपर नहीं पहुंच रहे हैं। पार्षदों ने आयुक्त को सफाई व्यवस्था ठीक करने को लेकर ज्ञापन सौंपकर मुख्य ठेकेदार का टैंडर निरस्त कर, स्थानीय वाल्मीकी सामाज को सफाई कार्य देने, सीवरेज लाईन का कार्य शीघ्र पूरा करने, जहां कार्य पूरा हो चुका वहां रोड़ बनवाने की मांग करते हुये सोमवार तक सफाई व्यवस्था ठीक कराने की बात कही। अन्यथा नगर परिषद कार्यालय पर धरना दिया जायेगा। पार्षद मनोज गौड़ ने बताया की शहर में 40 वार्ड है। जिनको सफाई व्यवस्था के लिहाज से 08 जोनों में बांटा गया है। इसके अलावा बानसूर रोड़, दिल्ली जयपुर हाईवे की सर्विस लाईन व पूतली रोड़ को दो जोनों में बांटा गया है। शहर की सफाई व्यवस्था पर पूर्व में 14 से 15 लाख रूपये खर्च होते थे। किन्तु नगरपालिका से नगरपरिषद में क्रमोन्नत होने के साथ ही सफाई के ठेकों की शर्ते भी बदल गई। नगर परिषद प्रशासन ने सफाई के टेंडर लेने के लिए मांगे गये आवेदन में ठेकेदार कम्पनी के खाते में 03 करोड के टर्न ओवर की शर्त रख दी। टेडंर की शर्तों के मुताबिक शहर की सफाई का टेण्डर हरियाणा की एक कम्पनी को दिया गया।

- मुख्य ठेकेदार का टेंडर निरस्त कर स्थानीय वाल्मीकी समाज को सफाई कार्य देने की मांग

'भाजपा सरकार ने प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने का वायदा किया'

किशनगढ़ बास। गांव में रोजाना चोरी हो रही है, चोर किसानों की भैंस खोल कर ले जा रहे हैं किसानों के खेतों से पाइप मोटर निकाल कर ले जा रहे हैं यहां तक की मंदिर मस्जिद तक में से नगदी व सामान चोरी कर ले जा रहे हैं आपकी पुलिस और आप क्या कर रहे हो यह भजनलाल सरकार में चलने वाला नहीं है हमारी सरकार का वायदा है अपराध मुक्त प्रदेश जो हमें भूलना नहीं चाहिए।

यह बात पूर्व विधायक रामहेत यादव ने गांव लगडबास में बढती चोरी की वारदात की शिकायत लेकर बुधवार को निवास पर पहुंचे लोगों की नाराजगी पर थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत को जाहिर की और कहा गांव में चोरों के इतने हौसले बुलंद हो चुके हैं की किसानों के घरों से भैंसों को खोल कर ले जा रहे हैं यहां तक की मंदिर मस्जिद से नगदी और सामान ले जा रहे हैं अगर ऐसे ही चलेगा तो अपराधियों में भय और आमजन को सुरक्षा हम कैसे दे पाएंगे। सरकार ने अपराध मुक्त प्रदेश देने का वायदा किया है इस बात का भी पुलिस को ध्यान रखना होगा।

ग्रामीणों ने पूर्व विधायक रामहेत यादव के निवास पर थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह को बताया की गांव में किसान के यहां से बीती रात्रि को दो भैंस और एक पाडी को चोर खोल कर ले गए। इससे करीब 6 माह पहले भी एक किसान के खेत से चोर भैंस खोल कर ले गए जो आज तक नहीं पकड़े गए। गांव में किसानों के खेतों से पाइप और मोटर चोरी होने की तो आम बात है। गांव के मंदिर मस्जिद में से चोर गले तोड़कर कर नगदी चुराकर ले गए। मस्जिद से सामान चुरा कर ले गए लेकिन पकड़े नहीं जा रहे हैं।

थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्व विधायक व ग्रामीणों को जल्द ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। पूर्व विधायक यादव ने बताया कि सड़क दुर्घटना में पांव फैक्चर होने के कारण वह दो महीने से क्षेत्र में नहीं आ सके अलवर घर पर थें। ठीक से क्षेत्र के लोगों से मिल भी नहीं पा रहे थे। अब वह किशनगढ़ बास चामरोदा स्थित निवास पर सुबह से शाम तक रहकर लोगों की सुनवाई कर रहे हैं। यादव ने कहा पांव में फैक्चर होने की वजह से क्षेत्र में नहीं जा पा रहे हैं लेकिन कौन अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन के लिए कार्य कर रहा है यह सब जानकारी में है।

- किशनगढ़ बास क्षेत्र के गांव लंगडबास में बढ़ती चोरी की घटना से नाराज ग्रामीणों की शिकायत पर पूर्व विधायक ने थाना अधिकारी को जाहिर की नाराजगी

किशनगढ़ बास में पूर्व विधायक के निवास पर लंगडबास से पहुंचे लोग पूर्व विधायक और थाना अधिकारी से बढ़ती चोरी की वारदातों को लेकर शिकायत की।

दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को 10 हजार रू. की मदद

कोटपूतली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अभिनव पहल करते हुए परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना (पीएमएमवीवाई) के अन्तर्गत दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को प्रथम सन्तान के लिए वर्तमान में दी जा रही राशि 6500 रूपये को 01 सितंबर से बढ़ाकर 10 हजार रूपये करने का सराहनीय कदम उठाया है।

इस राशि को राज्य निधि से 100 प्रतिशत डीबीटी के माध्यम से दिए जाने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। भारत में अधिकांश महिलाओं को आज भी अल्पपोषण प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है। भारत में हर तीसरी महिला अल्पपोषित है तथा हर दूसरी महिला रक्ताल्पता से पीड़ित है। अल्पपोषित माता अधिकांशतः कम वजन वाले शिशुओं को ही जन्म देती है। जब कुपोषण गर्भाशय में ही शुरू हो जाता है तो यह पूरे जीवन चक्र में चलता रहता है और ज्यादातर अपरिवर्तनीय होते है। आर्थिक एवं सामाजिक तंगी के कारण कई महिलाएं अपनी गर्भावस्था के आखिरी दिनों तक अपने परिवार के लिए जीविका अर्जित करना जारी रखती है।

इसके अलावा वे बच्चे को जन्म देने के बाद समय से पहले काम करना शुरू कर देती है, जबकि उनका शरीर इसके लिए तैयार नहीं होता। इस प्रकार वे एक तरफ अपने शरीर को पूरी तरह स्वस्थ्य होने से रोकती है और पहले छह माह में अपने नौनिहालों को स्तनपान कराने की अपनी सामर्थ्य में भी बाधा पहुंचाती है।

सार-समाचार

राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बैठक

सांभरझील, (निसं)। न्यायिक अधिकारी अरविन्द कुमार जांगिड आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए मीटिंग आयोजित की, जिसमें विभिन्न बैंक व वित्तीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मिटिंग में धन वसूली के लम्बित मामलों से संबंधित चर्चा की गई, साथ ही विभिन्न विभागों सार्वजनिक निर्माण विभाग, पी.एच.ई.डी., विद्युत निगम, पालिका के प्रतिनिधि व अधिवक्ताओं से चर्चा की गई तथा प्री काउंसिलग के माध्यम से प्रकरणों के निस्तारण के बाबत अधिकाधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों का राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु लाने को कहा। बैठक में बैंक व वित्तीय संस्थाओं के प्रतिनिधि राजकुमार, जितेंद्र सिंह तंवर, अर्जुन लाल वर्मा, लोकेश कुमार, चिरंजी लाल रैगर, अभिषेक चन्द्र गुप्ता, राजूराम जाट, प्रकाश कुमार प्रजापत, सुनील कुमार, अंकिता अठावाल, विजय अठावाल, बाबू लाल गुर्जर, राजेश कुमार मीणा, रोहित गोयल, हितेश कुमार चंदानी, पैनल अधिवक्ता निशांत शर्मा, लोकेश गहरवार, तेजपाल प्रजापत, शौहरत अली, लक्ष्मीनारायण कलवानियां, ओमप्रकाश कुमावत, फूलचन्द मुण्डोतिया, जी.एल. जाट, पीयूष शर्मा, विनोद पारीक, श्रीराम मीणा, हरिश बांशिया की मौजूदगी रही।

क्विज प्रतियोगिता 17 तक

पावटा। भारतीय रिजर्व बैंक क्विज 90० प्रतियोगिता एवं वित्तीय साक्षरता अभियान का आयोजन एसएचएम महा विद्यालय में किया गया। इस दौरान फाइनेंशियल काउंसलर अमित यादव ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के 9०वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी अंतिम तिथि 17 सितंबर 2०24 है। इस प्रतियोगिता में भारत के सरकारी एवं प्राइवेट कॉलेजों के अंडरग्रैजुएट विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन मोबाइल या लैपटॉप से निशुल्क रजिस्ट्रेशन करके भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में जीतने वाले विद्यार्थियों के लिए नेशनल विजेता को पहला ईनाम 1० लाख रुपए दूसरा ईनाम 8 लाख रुपए एवं तीसरा ईनाम 6 लख रुपए दिए जाएंगे। दो सदस्य की टीम बनाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

पदयात्रा आज होगी रवाना

निवाई/गुंसी । ग्राम पंचायत गुंसी से बिजाष्ण माता इंद्रगढ़ के लिए 23 वीं पदयात्रा 5 सितंबर को रवाना होगी। पदयात्रा संचालक ग्यारसीलाल प्रजापत ने बताया कि गुरूवार को गांव के बीजाष्ण माता मंदिर से ध्वज पूजन के बाद सुबह 9:15 बजे पदयात्रा गाजे बाजे के साथ रवाना होगी। उन्होंने बताया कि पदयात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए गुजरेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा का पहला रात्रि विश्राम बरथल चौराहा निवाई बायपास पर होगा। 9 सितंबर की शाम पदयात्रा इंद्रगढ़ पहुंचेगी। 10 सितंबर को ध्वज अर्पण करने के बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा।

COLLEGE OF AGRICULTURE
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY)
Kumher, Distt. - Deeg, PIN- 321201
Mobile No.: 9414042027 Email: dean.coabharatpur@sknau.ac.in
No. F. /Estt./COA-K/2024/2561 Dated: 02.09.2024

NOTICE INVITING BID

Bid for open tender regarding Share Farming are invited from interested bidders upto 11.00 AM of 12.09.2024 and open on 12.09.2024 at 1 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the Rajasthan state; and www.sknau.ac.in University Website.

NIB Code: SKN2425A0133 and UBN is: SKN2425WSOB00136

Raj.Samwad/C/24/4713 DEAN

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर)
क्रमांक :- ज.स.अ./2024/118 दिनांक :- 03/09/2024
निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना-N.I.B No.02 /D.C. (A.M.)NNJG/2024-25
नगर निगम जयपुर ग्रेटर द्वारा जयपुर शहर से आश्रयहीन/बेसहारा पशुओं को पकडवाना, अनाधिकृत रूप से संचालित अवैध पशु डेयरियों को हटवाना व पकडे गये पशुओं को गौ पुनर्वास केन्द्र हिंगोनिया गौशाला में जमा करवाने का कार्य (संसाधन एवं श्रमिक सहित) की एक वर्ष के लिए ई-निविदा सं0 02/D.C.(A.M.)NNJG/2024-25 आमंत्रित की जाती है। निविदा की अनुमानित लागत 2.80 करोड रूपयें की है। निविदा से संबंधित शर्ते व अन्य जानकारी नगर निगम, जयपुर ग्रेटर की वेबसाईट www.jaipurmc.org एवं sppp.rajsthan.gov.in एवं eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा का UBN No. JMC2425WSOB00562 है।
उपायुक्त (पशु प्रबंधन) नगर निगम जयपुर (ग्रेटर)
राज.संवाद/सी/24/4705

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर)
क्रमांक :- ज.स.अ./2024/120 दिनांक :- 03/09/2024
ई-निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मु0) 33 से 34/2024-25
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मु0) से सम्बन्धित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com, eproc.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal Government of Rajasthan की वेबसाईट http;//sppp.rajasthan.gov.in के UBN No :- JMC2425WSOB00563 एवं JMC2425WSOB00564 पर देखी जा सकती है।
अधिशाषी अभियन्ता (मु0) नगर निगम जयपुर (ग्रेटर)
राज.संवाद/सी/24/4704

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-11 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
कमांकः LU2012/JDA/2024-25/103622 लोक सूचना दिनांक : 03/09/2024
केडिया एलिट बिल्डर्स प्रा. लि. जरिये निदेशक श्री सौरभ केडिया पंजीकृत कार्यालय फर्स्ट फ्लोर ए-08. श्याम नगर, नाडी का फाटक, बैनाड रोड, झोटवाडा, जयपुर। ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हेक्टे.)
1.	बगरूखुर्द, सांगानेर (जयपुर)	केडिया एलिट बिल्डर्स प्रा. लि. पंजीकृत कार्यालय फर्स्ट फ्लोर ए-08, श्याम नगर, नाडी का फाटक, बेनाड रोड, झोटवाड़ा जयपुर।	542/1	9600	0.96
			543/1	400	0.04
				कुल	1.00

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयाजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉन इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 03-09-2024 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी (जोन-11) जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर
क्रमांक/एफ.( )न.नि.भ./राजस्व/2024-25/8088-8093 दिनांक : 02.09.2024
ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का सुनहरा अवसर
विज्ञप्ति संख्या .....
नगर निगम, भरतपुर में रिहाईशी भूखण्ड 99 वर्ष की लीज होल्ड पर विक्रय किये जाने हेतु ई-ऑक्शन पोर्टल Isgeauction.rajasthan.gov.in के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

क्र. स.	योजना का नाम	भू-उपयोग	क्षेत्रफल	E.M.D राशि (रूपये)	ई-ऑक्शन प्रारम्भ करने की दर (रूपये) प्रति वर्गगज में
1	राजेन्द्र नगर भू0स0 ए-1	रिहाईशी	1076.98 वर्गगज	538490/-	25000/-
2	दीनदयाल नगर भू0स0 83-ए	रिहाईशी	178.33 वर्गगज	78465/-	22000/-
3	जवाहर नगर (D-210)	रिहाईशी	201.70 वर्गगज	226913/-	56250/-
4	जवाहर नगर (A-297)	रिहाईशी	64.45 वर्गगज	58005/-	45000/-

ई-ऑक्शन कार्य की शर्ते, अमानत राशि, भागदारी राशि तथा ई-ऑक्शन आदि की जानकारी हेतु साईट Isgeauction.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा इसी साईट पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये इच्छुक संवेदक/फर्म/व्यक्ति निर्धारित पंजीयन शुल्क 1000/- रूपये जमा करवाकर ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं।
ऑक्शन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाईन बोली लगाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश "Bidder User Guide" दी हुई है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या अथवा जानकारी हेतु दूरभाष संख्या 8860563984 एवं 8209419615 पर सम्पर्क कर सकते हैं तथा यदि किसी को कोई आपत्ति है तो कार्यालय समय में निविदा से पूर्व मय साक्ष्यों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नीलामी पश्चात् किसी की भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।
नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिये रजिस्ट्रेशन, अमानत राशि, पहचान पत्र अपलोड करने की कार्यवाही दिनांक 03.09.2024 को प्रातः 11.00 बजे से 17.09.2024 सांय 06.00 बजे तक ऑनलाईन नीलामी दिनांक 18.09.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 20.09.2024 सांय 5.00 बजे तक की जावेगी। अन्तिम 15 मिनट में संवेदक/फर्म/व्यक्ति द्वारा बोली दिये जाने पर ई-निविदा की समयावधि में प्रत्ये